एक नजर में

महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत युवाओं ने किया रक्तदान

सीहोर. अखिल भारतीय धाकड़ माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश के प्राकट्य दिवस महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समाजजनों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया. महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. समाज के युवा एवं समाजबंधुओं ने 10 यूनिट रक्तदान किया .समाज के पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का अभिनंदन करते हुए इसे महेश नवमी के अवसर पर समाज की सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया. समारोह में भगवान महेश की आरती एवं पूजन, बच्चों की डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, वरिष्ठजन सम्मान तथा जगन्नाथ यात्रा में सम्मिलित समाज बंधुओं का सम्मान किया गया.

उत्कृष्ट विद्यालय की प्रीति परमार का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

सीहोर. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रीति परमार का रासेयो समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना एवं संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता हेतु चयन हुआ है. राष्ट्रीय एकता शिविर महेंद्रगढ़ हरियाणा में 24 से 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है. इस अवसर पर प्रीति को डीपीसी आरआर उइके , प्राचार्य सुनीता जैन , आलोक शर्मा, संतोष सोनी डॉ. राजेंद्र देशमुख, स्वतंत्र पाठक, डॉ. देवेंद्र साहू, संजय सिंह जादौन, अंकुर शर्मा, माधव सिंह यादव, जितेंद्र परमार, एलएन आहूजा, जय किशन जोशी, दिनेश मेवाड़ा, रामवृक्ष भारद्वाज, कार्तिक राय ने बधाई दी है.

योग, ध्यान और सड़क सुरक्षा जागरुकता का संगम

सीहोर. देवास-भोपाल कोरीडोर प्राइवेट लिमिटेड वर्टिस फाउंडेशन की टीम द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से फंदा टोल प्लाजा परिसर में योग, ध्यान एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों एवं सदस्यों द्वारा योग, ध्यान और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर प्लाजा प्रबंधक दिनेश पाटिल, उप प्लाजा प्रबंधक राकेश पुरोहित, सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, उमा शंकर पांडेय, संध्या दीदी, खुशबू दीदी, राजीव , दिनेश राजपूत एवं संस्था एवं परियोजना के अन्य सदस्य व नागरिक उपस्थित थे.

भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा के दे रहे निमंत्रण पत्र

सीहोर. भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा. लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे है. चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार, समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह, चंदरसिंह मंडलोई ,तुलसीराम पटेल, सुरेश गब्बर परमारकमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रम परमार ग्राम तकीपुर में रथ यात्रा का निमंत्रण दिया.

माहेश्वरी समाज ने वरिष्ठजनों के हाथों कराए पौधारोपण

सीहोर. माहेश्वरी समाज द्वारा महेश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में पौधारोपण कार्यक्रम में 21 विभिन्न प्रजाति के पौधे नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सोनल राठौर व पार्षद आशीष गेहलोत की उपस्थिति में शांतिलाल साबू, राधेश्याम मंत्री, अशोक सोडाणी एवं प्रतिभा झंवर, श्रीमती लीला कुईया , गीता झंवर , सुशीला राठी, मंजू मूंदड़ा द्वारा तुलसी पौधा भेंट कर मनाया गया. कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष योगेश राठी, महेश हुरकट, पंकज झंवर, राकेश बांगड़, पार्थ साबू, शरद बाहेती, श्याम मंत्री, संयोग राठी, सत्य भामा मंत्री, शोभा चांडक, राधा सोडाणी, रजनी बाहेती, ज्योति झंवर, संगीता राठी, अनीता बांगड, गायत्री साबू, रानी तोषनीवाल, आभा मंत्री, प्रिया मूंदड़ा, शिवानी कासट, चंदन कासट, रितिका राठी, मेघा हूरकट उपस्थित थे.

सर्विस रोड को ब्रिज शुरू होने का इंतजार

ब्रिज से आवागमन शुरू होने के बाद ही सर्विस रोड का हो सकेगा निर्माण, मासांत में चालू हो सकते हैं ब्रिज

सीहोर. रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान सर्विस रोड नहीं बनाएं जाने की वजह से घरों व दुकानों के सामने बारिश का पानी जमा हो गया.

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. बीते कई महीनों से रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते जर्जर सर्विस रोड़ और धूल धूसरित माहौल में रहने व गुजरने को मजबूर नागरिकों को सर्विस रोड़ निर्माण के लिए ब्रिज के शुरू होने तक इंतजार करना पड़ेगा. ब्रिज से वाहनों के आवागमन प्रारंभ होने के बाद ही सर्विस रोड़ का निर्माण हो सकेगा. ब्रिज निर्माण एजेंसी की मानें तो जून माह के अंत तक ओवर ब्रिज को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा.

- जर्जर सर्विस रोड पर गंदा पानी भरा होने से लोग हो रहे परेशान
- मासांत तक आरओबी से शुरू हो सकता है आवागमन

भोपाल-इंदौर हाईवे पर रोजाना सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है. लंबे इंतजार और लगातार बढ़ती परेशानियों के बीच सीहोर का बहुप्रतीक्षित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज जून के अंतिम सप्ताह में तथा फंदा रेलवे ओवरब्रिज जुलाई माह में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा. करीब चार महीने की देरी के बाद दोनों परियोजनाएं अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं. हालांकि ओवरब्रिज शुरू होने की खुशी के बीच हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र की सर्विस रोड की बदहाल स्थिति स्थानीय लोगों और राहगीरों की परेशानी का कारण बनी हुई है.

ब्रिज कॉर्पोरेशन के अनुसार जनवरी 2026 में दोनों ओवरब्रिज का लोकार्पण प्रस्तावित था, लेकिन निर्माण कार्य के अंतिम चरण में डामर की आपूर्ति प्रभावित होने से काम समय पर पूरा नहीं हो सका. अधिकारियों का कहना है कि ईरान-इजराइल युद्ध के कारण डामर की उपलब्धता प्रभावित हुई, जिससे डामरीकरण का कार्य रुक गया और परियोजना करीब चार महीने पीछे खिसक गई. अब सामग्री उपलब्ध होने के बाद निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है.

इन पुलों के शुरू होने के बाद भोपाल और सीहोर के बीच आवागमन करने वाले लोगों को सैकड़ाखेड़ी बाईपास का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा. साथ ही रेलवे फाटक क्रमांक 104, 107 और 108 पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी. वर्षों से ट्रेनों के गुजरने के दौरान इन फाटकों पर वाहनों की लंबी कतारें लगती रही हैं, जिससे समय, ईंधन और श्रम तीनों की बर्बादी होती रही है.

ब्रिज कॉर्पोरेशन के सब इंजीनियर कैलाश वर्मा के अनुसार हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज का शुभारंभ जून के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा, जबकि फंदा रेलवे ओवरब्रिज जुलाई में चालू होगा. वहीं सर्विस रोड का स्थायी निर्माण भी ओवरब्रिज शुरू होने के बाद ही गति पकड़ सकेगा. कुल मिलाकर वर्षों से इंतजार कर रहे लोगों को ओवरब्रिज की सौगात तो जल्द मिलने वाली है, लेकिन तब तक हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के रहवासियों को जलभराव और जर्जर सर्विस रोड की परेशानी झेलनी पड़ेगी. ऐसे में लोगों की नजर सिर्फ ओवरब्रिज के उद्घाटन पर नहीं, बल्कि सर्विस रोड के जल्द निर्माण पर भी टिकी हुई है.

घरों व दुकानों के सामने बारिश का गंदा पानी जमा

ओवरब्रिज निर्माण के साथ एक बड़ा सवाल अब भी बाकी है. हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र की सर्विस रोड पिछले कई महीनों से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है. गर्मियों में यहां धूल उड़ती रही, वहीं अब बारिश शुरू होते ही सड़क कीचड़ और गंदे पानी से भर गई है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी जमा होने से दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और स्थानीय रहवासियों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है. बारिश के बाद की स्थिति और भी गंभीर हो गई है. जगह-जगह जलभराव और दलदल जैसी हालत के कारण राहगीरों को पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज का काम लगभग पूरा होने के बावजूद सर्विस रोड का निर्माण नहीं होने से उन्हें लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार वाहन फिसलने और छोटे हादसे होने की शिकायतें भी सामने आ चुकी हैं.

लगभग 57 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे ओवरब्रिज

करीब 57 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इन दोनों ओवरब्रिजों की लंबाई लगभग 700-700 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर है. हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर लगभग 28 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं. इसमें 24 पिलर बनाए गए हैं और इसकी ऊंचाई रेलवे ट्रैक से 7.30 मीटर रखी गई है. वहीं फंदा रेलवे ओवरब्रिज 29 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है, जिसमें 21 पिलरों का निर्माण किया गया है.

विचाराधीन कैदी की जिला जेल में मौत

सीहोर. मारपीट के मामले में जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी की बुधवार की सुबह मौत हो गई. मारपीट के मामले में अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ युवक जेल में कैद था. मौत के बाद परिजनों ने जेल प्रबंधन पर उसके उपचार में कोताही बरतने का आरोप लगाया है. गौरतलब है कि गत दिनों इछावर थाना क्षेत्र के ग्राम कालीपीपल में जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी. इस मामले ने उस वक्त तूल पकड़ लिया था जब संघर्ष में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी. मृतक के परिजनों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर दूसरे पक्ष पर कार्रवाई करने की मांग की थी. इस पर पुलिस ने अनार सिंह वर्मा, श्रीराम वर्मा, मनोज वर्मा, सीता बाई और दुर्गाप्रसाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया था. आज श्रीराम वर्मा की जेल में तबीयत खराब होने से मौत हो गई. सूचना मिलने के बाद मृतक के परिचित पीएम रूम पहुंचे जहां उन्होंने इस मौत का जिम्मेदार जेल प्रबंधन को बताते हुए जेल प्रबंधन पर श्रीराम वर्मा का इलाज न करवाने का आरोप लगाया है. वहीं जेल प्रबंधन इस पूरे मामले में मीडिया से दूरी बनाए हुए है.

कांग्रेस ने की मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं.

कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुजराती ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की दिशा में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं. इस अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी की संरचना को सशक्त बनाना और आगामी चुनावों के लिए संगठनात्मक तैयारी को तेज करना है. इसी के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र में 28 मण्डलम अध्यक्ष, आष्टा विधानसभा में 37, इछावर विधानसभा में 29 एवं बुधनी विधानसभा में 32 मण्डलम अध्यक्षों की नियक्तियां की गई है. मण्डलम अध्यक्षों को पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, रूकमणी रोहिला, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, गुलाब बाई ठाकुर, महेश राजपूत ने बधाई दी है.

जिले में अब तक 85 .8 मिमी वर्षा दर्ज

सीहोर. जिले में मानसून की गतिविधियां फिलहाल धीमी बनी हुई हैं. बुधवार को जिले में औसतन 12.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 48 मिमी वर्षा जावर तहसील में रिकॉर्ड की गई, जबकि सीहोर में 2, आष्टा में 18 मिमी, इछावर में 23 मिमी, बुधनी में 3 मिमी, रेहटी में 3.8 मिमी वर्षा हुई. जबकि श्यामपुर, भैरूंदा में वर्षा दर्ज नहीं की गई.

पुल के गर्डर गिरे, एनएचएआई कराएगा जांच

नवभारत न्यूज

बुधनी 24 जून. नसरुल्लागंज स्टेट हाईवे-146बी परियोजना के तहत भागनेर नदी पर निर्माणाधीन पुल के लिए तैयार किए गए कुछ प्रीकास्ट गर्डर गिरने का मामला सामने आया है. एनएचएआई ने गर्डरों का निरीक्षण और तकनीकी परीक्षण कराने की बात कही है.

गौरतलब है कि ग्राम ऊंचाखेड़ा स्थित भागनेर नदी पर बन रहे पुल के लिए तैयार किए गए कुछ प्रीकास्ट गर्डर हाल ही में गिर गए. मामले के सामने आने के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. एनएचएआई की एसडीओ नीतू पटेल के अनुसार, पुल निर्माण के लिए तैयार किए गए गर्डरों में से एक गर्डर प्रेस्ट्रेसिंग के दौरान क्रैकयुक्त पाए जाने पर पहले ही अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया था. उन्होंने बताया कि 6 जून को तेज हवा और खराब मौसम के दौरान वही गर्डर पलट गया, जिसकी वजह से उसके पास रखे अन्य गर्डर भी गिर गए. एसडीओ ने कहा कि प्रथम दृष्टया अन्य गर्डर सुरक्षित प्रतीत हो रहे हैं, फिर भी सभी गर्डरों का निरीक्षण और नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही गर्डर लॉन्चिंग की प्रक्रिया की जाएगी. निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है.

साइबर जागरुकता के लिए सेफ क्लिक का प्रचार

- पुलिस अधिकारियों ने किया प्रचार प्रसार का शुभारंभ
- साइबर हेल्पलाइन नंबर और पोस्टर प्रदर्शित किए

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन एवं एएसपी श्रीमती सुनीता रावत व सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में प्रचार प्रसार किया गया.

उप निरीक्षक राकेश पंथी एवं टीम द्वारा साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक के पालन में आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु थाना परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा एनसीआरपी पोर्टल से संबंधित बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए. उक्त प्रचार सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक आदि के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित किया गया. नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध होने पर 1930 हेल्पलाइन एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने संबंधी जानकारी प्रदान की गई.

फाउंडेशन करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. अग्रसोच सोशल फाऊंडेशन द्वारा शहर के मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा.

समारोह में जिले के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम में सीबीएसई, एमपी बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया जाएगा. इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएंशामिल होंगे. संस्थापक आशीष गुप्ता ने बताया कि समारोह के लिए दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी. जो 2 बजे तक चलेगी. कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य उपस्थित रहेंगे. इसमें एमपी बोर्ड की 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले तथा सीबीएसई बोर्ड की 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित होंगे.

आईईएस स्कूल ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. आईईएस पब्लिक स्कूल ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित किया.

कार्यक्रम में आईईएस के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया, और उन्हें नकद पुरस्कार, छात्रवृत्तियां और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया. समारोह का शुभारंभ चांसलर इंजीनियर बीएस यादव, आईईएस यूनिवर्सिटी ने सोशल और इमोशनल कोशेंट के महत्व पर ज़ोर देते हुए सभी को प्रेरित किया उन्होंने आईईएस के छात्रों को सम्मानित किया, उनके गर्वित माता-पिता और समर्पित शिक्षकों को बधाई दी. भोपाल में दूसरे स्थान पर रहने वाली महक कौशल को 11,000 का इनाम मिला; वहीं सेक्शन टॉपर्स को 1100, परफेक्ट स्कोरर्स (100/100) को 2,000 और 85% से ज़्यादा अंक पाने वालों को स्पेशल स्कॉलर ट्रॉफी दी गईं. यह कार्यक्रम भावनाओं, आभार और सफल छात्रों द्वारा साझा की गई प्रेरणादायक कहानियों से भरा हुआ था. अंत में आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप डाइरेक्टर प्रोफे. मनीषा क्वाथेकर ने सभी आतिथियों एवं छात्रों के पालकों का आभार व्यक्त किया.

निर्देश भैरूंदा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश

समयावधि में कार्य पूरा नहीं तो होगी वेतन रोकने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 जून. कलेक्टर बालागुरू के. ने वीसी के माध्यम से शिक्षा विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की.

उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन, साइकिल वितरण, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा अपार आईडी निर्माण का कार्य आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए. निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन रोकने सहित की कार्रवाई की जाएगी. बैठक में बताया गया कि मैपिंग कार्य में सीहोर विकासखंड ने 93.54 प्रतिशत, आष्टा ने 93.30 प्रतिशत, बुधनी ने 92.94 प्रतिशत, इछावर ने 92.29 प्रतिशत तथा भैरूंदा विकासखंड ने 91.15 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है. भैरूंदा विकासखंड की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. बैठक में शासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर उसकी प्रविष्टियां पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए. समीक्षा मेंबताया गया कि जिले के कुल 2 लाख 61 हजार 866 छात्र-छात्राओं में से 1 लाख 93 हजार 673 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा चुकी है.

लायंस क्लब के अध्यक्ष बने अजय राय

सीहोर. लायंस क्लब सिद्धपुर की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. बैठक में लायंस अजय राय को क्लब अध्यक्ष मनोनीत किया गया. नवनियुक्त अध्यक्ष राय ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे. जिनमें उपाध्यक्ष लायन डॉ. अभिषेक शर्मा, सचिव लायन प्रभजीत सिंह अरोरा, कोषाध्यक्ष लायन निखिल जनपुरिया, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन कार्तिकेयन जयपाल, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर विनीत दुबे को मनोनीत किया.